**DIGICONTENT LIMITED**
Registered Office: Hindustan Times House (2nd Floor) 18-20,
Kasturba Gandhi Marg, New Delhi 110 001, India
**T:** +9111 66561234 **F:** +911166561270
**W:** www.digicontent.co.in **E:** corporatedept@digicontent.co.in
CIN: L74999DL2017PLC322147

**Ref:** DCL/CS/160/2020

13th October, 2020

BSE Limited
P. J. Tower, Dalal Street
**Mumbai- 400 001**

The National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No. C/1, G Block
Bandra-Kurla Complex, Bandra (East)
**Mumbai- 400 051**

**Scrip Code: 542685**

**Trading Symbol: DGCONTENT**

Dear Sirs,

**Sub: Newspaper advertisement- Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

**Re: Notice of Board Meeting to be held on 20th October, 2020 and intimation of closure of trading window**

In furtherance to our letter dated 12th October, 2020, copies of advertisement of aforesaid notice published in “Hindustan” (Hindi) and “Mint” (English) newspapers on 13th October, 2020, are enclosed herewith.

This is for your information and records.

For **DIGICONTENT LIMITED**

VIKAS PRAKASH

Digitally signed by VIKAS PRAKASH
DN: c=IN, st=Delhi, 2.5.4.20=4231d42dd5dd931a115a25d053f015f00d651bd94ae33a739c95ee56e73c1ceb, postalCode=110091, street=East Delhi, serialNumber=cf2e2406d6009fa28c54b342ad984c0ebefeee67eef203d3c2d0943bedefdae6, o=Personal, cn=VIKAS PRAKASH
Date: 2020.10.13 21:42:43 +05'30'

**(Vikas Prakash)**
**Company Secretary**

विधानसभा चुनाव में भाजपा को घेरेगी कांग्रेस, जेडीयू हुई रक्षात्मक

# हाथरस मुद्दे के बहाने दलित वोटरों पर दलों की नजर

बिहार चुनाव

नई दिल्ली | सुहेल हामिद

कांग्रेस हाथरस मुद्दे को लेकर लगातार अक्रामक है। पार्टी बिहार विधानसभा और मध्य प्रदेश उपचुनाव में इस मुद्दे पर भाजपा-जेडीयू गठबंधन को घेरने की तैयारी कर रही है। पार्टी की कोशिश है कि 2015 की तरह इस बार भी अधिक से अधिक सुरक्षित सीट पर जीत दर्ज की जाए। इसलिए, कांग्रेस-राजद गठबंधन प्रचार के दौरान इस मुद्दे को उठाएंगे।

बिहार चुनाव में सभी राजनीतिक दलों की नजर दलित मतदाताओं पर हैं। सभी पार्टियां दलितों का भरोसा जीतने की कोशिश कर रही हैं। यह परिणाम तय करेंगे कि हाथरस का चुनाव पर कितना असर पड़ा, पर इससे कांग्रेस और दूसरी पार्टियों को भाजपा-जेडीयू को घेरने का मौका मिल गया है। वहीं, लोजपा से अलग होने से अक्रामकता बढ़ी है। दलित मतदाताओं की अहमियत इसी से समझा जा सकता है कि चुनाव से पहले सीएम नीतीश कुमार अनुसुचित जाति, जनजाति के किसी व्यक्ति की हत्या होने पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा की। इसके साथ जीतन राम मांझी को अपने पाले में लाने के साथ अशोक चौधरी को बिहार जेडीयू का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया। सेंटप फॉर द स्टडी ऑफ डेवलेपिंग सोसाइटीज के निदेशक संजय कुमार कहतें है जब कभी कोई ऐसी बड़ी घटना घटती है, तो वह चुनावी मुद्दा बनती है। पर यह यूपी की घटना है, इसलिए बिहार में इसका बहुत प्रभाव नहीं पड़ेगा।



पटना में सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदान अधिकारियों के लिए सुरक्षा किट की पैकेजिंग करते स्वयंसेवक। • एजेंसी

### भरोसा जीतने की कोशिश

जेडीयू की पूरी कोशिश है कि दलितों का उस पर भरोसा बरकरार रहे। क्योकि, 2015 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के आरक्षण के बारे में दिए बयान से उन्हें 10 सुरक्षित सीट पर जीत दिलाने में भूमिका निभाई थी। इसके साथ वह कांग्रेस-राजद के साथ गठबंधन में चुनाव लड़े थे। इस बार भाजपा के साथ गठबंधन में है।

### राज्य में 16 फीसदी दलित

बिहार में दलित मतदाताओं की तादाद 16% है। विधानसभा में 38 सीट आरक्षित हैं। पिछले चुनाव में राजद ने 14, कांग्रेस-भाजपा ने पांच-पांच और जेडीयू ने दस सीट जीती थी। बाकी सीट अन्य दलों को मिली थी। ऐसे में कांग्रेस और राजद दोनों की कोशिश होगी कि वह इन सीट पर अपना दबदबा बरकरार रखे। हालांकि, सभी दलों के लिए यह एक चुनौती है।

# उम्मीदवारों के लिए जोर लगाएंगे स्टार प्रचारक

कवायद

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

कोरोना काल में सीमित चुनाव प्रचार अभियान में भाजपा के बड़े नेता तो गठबंधन के सभी उम्मीदवारों के क्षेत्रों में जाएंगे, लेकिन अधिकांश स्टार प्रचारक अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए ही जोर लगाएंगे। इस बार स्टार प्रचारकों की संख्या केवल तीस है। साथ ही भाजपा ने पहले चरण के अभियान में एक मुख्यमंत्री और दो महिला नेताओं को ही इस श्रेणी में चुना है। उमा भारती, शाहनवाज हुसैन व राजीव प्रताप रुड़ी स्टार प्रचारक में शामिल नहीं है।

बिहार चुनाव को भाजपा अपने भावी नेतृत्व को उभारने के प्रयोग से भी देख रही है। चुनाव प्रबंधन से लेकर स्टार प्रचारकों तक में उसने नए, युवा और ऊर्जावान नेताओं को सामने लाया है, जबकि कई अनुभवी और लोकप्रिय मंचीय नेता स्टार प्रचारकों से बाहर हैं। पार्टी के तमाम मुख्यमंत्रियों में से केवल एक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्टार प्रचारक में शामिल किया गया है। महिला नेताओं में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बड़ा नाम है। दूसरा नाम निवेदिता सिंह का है।

बिहार की राजनीति में सबसे चौंकाने वाला नाम शाहनवाज हुसैन और राजीव प्रताप रूडी का है जो स्टार प्रचारक की सूची से बाहर है। दोनों पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता है। हालांकि पार्टी को अभी दो और चरणों के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी करनी है जिसमें विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों, वहां के सामाजिक समीकरणों को देखते हुए कुछ नामों की अदला-बदली की जाएगी। लेकिन प्रमुख केंद्रीय नेताओं के नाम बरकरार रहेंगे।

**लोजपा को लेकर नरमी की चर्चा :** इस रणनीति को लोजपा से जोड़कर भी देखा जा रहा है। लोजपा के अधिकांश उम्मीदवार जनता दल यू के खिलाफ चुनाव मैदान में होंगे और ऐसे में भाजपा वहां पर सक्रिय रूप से प्रचार में दिखने से बचेगी। भाजपा नेताओं के न जाने का मतलब लोजपा के प्रति सहानुभूति सहानुभूति रखना भी होगा।

### सबको लाभ मिलेगा

सीमित प्रचार अभियान को देखते हुए भाजपा के अधिकांश नेता पार्टी उम्मीदवारों के क्षेत्रों में जोर लगाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे बड़े नेता ही गठबंधन में शामिल दलों के उम्मीदवारों की सभाएं करेंगे। जबकि अन्य भाजपा के उम्मीदवारों के क्षेत्रों में रहेंगे। सूत्रों के अनुसार ऐसा इसलिए है क्योंकि इस बार छोटी सभाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी और भाजपा के ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने से उसे ज्यादा प्रचार अभियान की भी जरूरत है। लेकिन विधानसभा क्षेत्र इतने पास पास होते हैं इसके सहयोगी दल के उम्मीदवार को भी इसका लाभ मिलेगा।

## निश्चयी नीतीश अभियान शुरू

**पटना।** जदयू ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को अपने 'निश्चयी नीतीश अभियान' की शुरुआत की। अभियान के तहत युवाओं को डिजिटल माध्यम से पार्टी से जोड़ा जाएगा।

सोमवार को जदयू नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने इसकी शुरुआत की। अभियान से जुड़ने के लिए मोबाइल नंबर 85879-85879 जारी किया गया। इस नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर कोई भी जदयू से जुड़ सकता है। जानकारी के मुताबिक मिस्ड कॉल मिलते ही पार्टी उस मोबाइल नम्बर को डिजिटल पोर्टल से जोड़ लेगी। इसके बाद जुड़ने वाले साथी को पार्टी अपनी हर जानकारी उनके मोबाइल पर भेजेगी। **(हिब्यू)**

## 'काम को आधार बनाएं मतदाता'

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे सरकार के काम के आधार पर वोट करें। काम के आधार पर निर्णय लेंगे तो यह राज्य और सबलोगों के हित में होगा। काम पसंद आए तो मौका दीजिए। यह निर्णय लेना आपका अधिकार है।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव अभियान का आगाज करते हुए सोमवार को 11 विधानसभा के कार्यकर्ताओं और आम लोगों की वर्चुअल रैली को संबोधित किया। कहा कि पिछले 15 सालों में हमने न्याय के साथ विकास किया। हर क्षेत्र का विकास और सभी वर्गो का उत्थान किया। इस दौरान राज्य का विकास दर दो अंकों में रहा। **(हिब्यू)**

आईना

## धनखड़ ने बंगाल सरकार को आड़े हाथ लिया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने सोमवार को तृणमूल सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ममता सरकार सिख व्यक्ति के साथ हुए अमानवीय व्यवहार के लिए समर्थन हासिल करने का प्रयास कर रही है। घटना में पुलिस ने सिख व्यक्ति की कथित तौर पर पगड़ी खींच दी थी। धनखड़ ने कहा कि यह घटना को सही ठहराने के बजाय यह चीजें ठीक करने का समय है। धनखड़ ने ट्विटर पर कहा कि बलविंदर सिंह के साथ हुए अमानवीय व्यवहार को लेकर समर्थन हासिल करने और उसमें जोड़तोड़ में जुटी बंगाल सरकार और पुलिस के प्रतिकूल रुख को लेकर चिंतित हूं। कानून इस तरह के गलत कामों को रोकने की अनुमति देता है।

## विनोद कुमार सिंह के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को बिहार की नीतीश सरकार में कैबिनेट मंत्री विनोद कुमार सिंह के निधन पर शोक जताया। सिंह बिहार सरकार में पिछड़ा-अति पिछड़ा कल्याण मंत्री थे। उन्होंने सोमवार को दिल्ली के एक प्राइवेट अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्हें कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया था, हालांकि वह स्वस्थ हो गए थे।

## प्रसिद्ध संगीतकार राजन नहीं रहे

**बेंगलुरु।** प्रसिद्ध संगीत निर्देशक राजन का रविवार देर रात अपने आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। संगीतकारों राजन और नागेन्द्र बंधुओं की जोड़ी काफी मशहूर रही है। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि नागेन्द्र के 87 वर्षीय बड़े भाई राजन को शनिवार को दिल का दौरा पड़ा। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

## उपचुनाव: टीआरएस की पूर्व सांसद ने जीत दर्ज की

**हैदराबाद।** मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) पार्टी की पूर्व सांसद के. कविता ने तेलंगाना विधान परिषद के लिए निजामाबाद स्थानीय निकाय सीट पर हुए उपचुनाव में सोमवार को जीत दर्ज की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस सीट के लिए नौ अक्टूबर को मतदान हुआ था और सोमवार को कविता ने भाजपा और कांग्रेस के प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशियों पर भारी अंतर से जीत दर्ज की। कविता ने जीत के बाद स्थानीय निकाय के जन प्रतिनिधियों को चुनाव में उनके पक्ष में मतदान करने और टीआरएस नेताओं को जीत के लिए मेहनत करने के लिए धन्यवाद दिया।

# अभिनेत्री खुशबू कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल

नई पारी

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

दक्षिण भारत की अभिनेत्री खुशबू सुंदर ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा महासचिव सी टी रवि और तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एल मुरुगन ने खुशबू सुंदर को पार्टी में शामिल किया। बाद में खुशबू ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की।

खुशबू के साथ तमिलनाडु के राजनीतिक पत्रकार मदन रविचंद्रन और भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी सर्वनन कुमारन ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने पर खुशबू सुंदर ने कहा कि वह मानती है कि यह समय है जब देश को आगे ले जाना है। यह सौभाग्य की बात है कि हमारे पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कर्मठ नेतृत्व है और देशवासियों को विश्वास है कि मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है और तरक्की की राह पर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि वह अब से पूरी तरह से भाजपा की समर्पित कार्यकर्ता हैं और पार्टी जो भी दायित्व सौंपेगी, उसे वह पूरी निष्ठा से पूरा करेंगी। उन्होंने अगले वर्ष तमिलनाडु में होने वाले चुनाव में भाजपा की जीत के लिए जीजान से परिश्रम करने की भी प्रतिज्ञा की।



नई दिल्ली में सोमवार को खुशबू सुंदर को मिठाई खिलाते जेपी नड्डा। • हिन्दुस्तान

### फर्क नहीं पड़ेगा : कांग्रेस

कांग्रेस ने दिल्ली में घोषणा की कि खुशबू को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पद से तत्काल प्रभाव से हटाया जाता है। वहीं तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी ने कहा कि उनके फैसले से पार्टी को कोई नुकसान नहीं होगा। तमिलनाडु के कांग्रेस प्रभारी दिनेश गुंडू राव ने कहा कि एक सप्ताह पहले तक वह भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करती आ रही थीं।

# कांग्रेस ने अर्थव्यवस्था को लेकर केंद्र पर निशाना साधा

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

कांग्रेस ने एक बार फिर अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने सरकार को भयंकर मंदी से बाहर निकलने के लिए उपभोक्ताओं के हाथ में सीधे पैसे देने की वकालत की है।

इसके साथ ही कांग्रेस ने ठोस आर्थिक नीति बनाने और जीएसटी को तर्कसंगत बनाने पर जोर किया है। पार्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की घोषणाओं को ऊंट के मुंह में जीरा करार दिया है। पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि सरकार को राज्यों को नए निवेश के लिए पैसे देने चाहिए और उनसे कर्ज लेने के लिए कहने के बजाय खुद कर्ज लेना चाहिए। उन्होंने सरकार की रणनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार को बाजार में मांग बढ़ाने का आत्मज्ञान कई माह बाद आया है। गौरव बल्लभ ने कहा कि कांग्रेस कई माह से मांग बढ़ाने और अर्थव्यवस्था में जान डालने के लिए लोगों के हाथ में सीधे पैसे देने की बात कह रही है। इसको लेकर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस पर प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था, लेकिन मोदी सरकार ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है।

हिन्दुस्तान नियुक्तियां

विज्ञापन संख्या - 88/2020

भारत सरकार

लोक उद्यम चयन बोर्ड

राइट्स लिमिटेड

में

अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

लोक उद्यम चयन बोर्ड में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 17 दिसंबर, 2020 (15:00 बजे तक) है।

जानकारी के लिए वैबसाइट http://www.pesb.gov.in में लॉगइन करें।

# फारूख अब्दुल्ला की टिप्पणी को देशद्रोही करार दिया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को नेशनल कान्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूख अब्दुल्ला की टिप्पणी को देशद्रोही करार दिया। फारूख ने कथित तौर पर चीन की मदद से जम्मू और कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35ए बहाल किए जाने की उम्मीद जताई थी।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, एक तरह से फारूख अब्दुल्ला अपने इंटरव्यू में चीन की विस्तारवादी मानसिकता को न्यायोचित ठहराते हैं, वहीं दूसरी ओर एक देशद्रोही कमेंट करते हैं कि भविष्य में हमें अगर मौका मिला तो हम चीन के साथ मिलकर अनुच्छेद 370 वापस लाएंगे। पात्रा ने कहा कि एक सांसद की ओर से ऐसा बयान दिया जाना न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि दुखद भी है।

### 'बयान को गलत पेश किया'

नेशनल कांफ्रेंस ने पार्टी अध्यक्ष फारूख अब्दुल्ला के बयान पर सफाई दी है। कहा, अब्दुल्ला ने अनुच्छेद 370 को चीन की मदद से बहाल करने वाली बात कभी नहीं कही। भाजपा उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है।

सार्वजनिक सूचना

(मूल्य नियंत्रण आदेश, 2013 के पैराग्राफ 21(2) के अंतर्गत)

ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड

पटियाला रोड, नाभा, पंजाब, भारत 147201

सीआईएन नं.: U24232PB2014FTC039082

वेबसाइट: www.gsk.com, ई-मेल: contact.4.gsk@gsk.com

फोन नं.: +91 124 4336500

सामान्य जन का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया जाता है कि उपरोक्त पते पर पंजीकृत कार्यालय वाली कम्पनी ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड (जी.एस.के.सी.पी.एल.) जो कि अनुसूचित विनिर्मितियां नामतः ओट्रिविन अडल्ट नेज़ल स्प्रे ब्राण्ड नाम के अधीन जाइलोमेटाजोलीन हाइड्रोक्लोराइड नेज़ल सॉल्युशन आईपी 0.1% डब्ल्यू/वी (जिसे यहां बाद में दवा के रूप में संदर्भित किया गया है) का विपणन करती है। जी.एस.के.सी.पी.एल. उक्त उत्पाद (दवा) के विपणन को इस नोटिस की तारीख से 1 वर्ष की अवधि के उपरांत बंद करना चाहती है।

उपरोक्त दवा को बंद करने के बाद, यह बाजार में उपलब्ध नहीं हो पाएगी। इसलिए, ऐसी दवा का उपयोग करने वाले मरीज अपने डॉक्टर से मिलकर वैकल्पिक दवा निर्धारित करवा सकते हैं। सभी डॉक्टर/चिकित्सा से जुड़े व्यक्ति भी इस पर ध्यान दें।

तिथि: 13.10.2020
स्थान: गुरुग्राम

विकास कुमार
निदेशक-सरकारी एवं विनियामक मामले, आईएससी
ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड

DIGICONTENT LIMITED

CIN: L74999DL2017PLC322147
Registered Office: Hindustan Times House (2nd Floor), 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110 001
Tel: +91-11- 6656 1234 Fax: +91-11- 6656 1270
E-mail: investor@digicontent.co.in, Website: www.digicontent.co.in

NOTICE

NOTICE is hereby given that pursuant to SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, a meeting of the Board of Directors of Digicontent Limited will be held on Tuesday, the 20th October, 2020, to, *inter-alia,* consider and approve the Un-audited Financial Results (Standalone and Consolidated) of the Company for the quarter and half year ended on 30th September, 2020. Investors may visit the websites of the Company viz. **www.digicontent.co.in** and the Stock Exchanges viz. **www.nseindia.com** and **www.bseindia.com** for further details in this regard.

Further, in terms of Company's "Code of Conduct to Regulate, Monitor and Report Trading by Designated Persons", the trading window for trading in the equity shares of the Company is closed **from Wednesday, the 30th September, 2020 to Thursday, the 22nd October, 2020** (both days inclusive), for the above purpose.

For **Digicontent Limited**

Sd/-
**(Vikas Prakash)**
**Company Secretary**

Place: New Delhi
Date: 12th October, 2020

100% Ayurvedic

5 विभिन्न प्रकार की दुर्लभ तुलसियों का अर्क

Dr. Juneja's तुलसी मंत्रा 'तुलसी ड्रॉप्स'



Divisa www.divisastore.com

इम्यूनिटी पॉवर बढ़ाएं एवं शरीर को रोगों से बचाएं

तुलसी को 'जड़ी-बूटियों की रानी' और 'जीवन के लिए अमृत' माना जाता है। इसी के मद्देनज़र दिविसा हर्बल केयर ने 'तुलसी मंत्रा' तुलसी ड्रॉप्स को बाजार में प्रस्तुत किया है, जिसमें 5 तुलसियों के अर्क का मिश्रण है। 'तुलसी मंत्रा' तुलसी ड्रॉप्स शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक है एवम् जुकाम, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रोल, सर्दी, खांसी, लीवर व संक्रमण जैसी बिमारियों पर नियंत्रण करने में मदद करता है।

एंटी-ऑक्सीडेंट गुण, श्वसन स्वास्थ्य में सुधार, खांसी और जुकाम से राहत

सम्पूर्ण परिवार के लिए काढ़ा भी ज़रूरी है, बस चाय की तरह पीजिए दिन में दो बार



आयुर्वेद में अनेकों जड़ी-बूटियां ऐसी हैं जो हमारे जीवन के लिए अमृत समान है, इसी के मद्देनज़र दिविसा हर्बल केयर ने रोग प्रतिकार क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष 4 औषधीय जड़ी-बूटियां तुलसी, दालचीनी, शुंठि, कृष्णा मिर्च से तैयार 'तुलसी मंत्रा आयुष काढ़ा' प्रस्तुत किया है। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है, एवं जो गले में दर्द, खांसी, पाचन क्रिया, नाक तथा कंठ को निरोगी रखने में भी भरपूर मदद करता है।

1 प्रस्तुत काढ़ा 150 मिली पानी में कुछ मिनटों तक उबालें। 2 उबालने के बाद काढ़ा छान लें। 3 काढ़ा रोजाना 1-2 बार पिएं।

'तुलसी मंत्रा' के सभी प्रॉडक्टस केवल 'तुलसी मंत्रा' के नाम से ही बनाए व बेचे जाते हैं, इसलिए सभी उपभोक्ता नाम व प्रॉडक्ट की जाँच अवश्य करें।

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)

NHIDCL BUILDING INFRASTRUCTURE - BUILDING THE NATION — BHARATMALA ROAD TO PROSPERITY

कॉरपोरेट कार्यालयः तृतीय तल, पीटीआई बिल्डिंग, 4 - संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

फा.सं. एनएचआईडीसीएल/2(7)/रिक्रूट.टेक एंड फिन/2020/एचआर

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड की स्थापना भारत सरकार द्वारा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधीन एक निगम के रूप में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और पड़ोसी देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों का तेजी से निर्माण/उन्नयन/चौड़ीकरण करने के लिए की गई है।

केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों, **थल सेना, नौ सेना, वायु सेना, सीमा सड़क संगठन (जी आर इ एफ)**, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, राज्य सरकार के विभागों और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मठ, प्रभावी और अनुभवी पात्र सेवा-निवृत अधिकारियों से संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए निम्नलिखित निबंधन और शर्तों पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | पदों का नाम और तैनाती का स्थान | रिक्त पदों की संख्या* | केंद्रीय मंहगाई भत्ता प्रतिमान (सीडीए पैटर्न) में वेतन मैट्रिक्स लेवल |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यपालक निदेशक (तकनीकी/ परियोजना) (उत्तर-पूर्वी राज्यों में स्थित एनएचआईडीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालयों, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह आदि) | 02 | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-14 [संशोधन-पूर्व के ग्रेड वेतन रु. 10,000/- सहित रु. 37,400 - 67,000/- का वेतन बैंड-4] |
| 2. | महाप्रबंधक (तकनीकी/ परियोजना) (उत्तर-पूर्वी राज्यों में स्थित एनएचआईडीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालयों, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह आदि) | 20 | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-13 [संशोधन-पूर्व के ग्रेड वेतन रु. 8,700/- सहित रु. 37,400 - 67,000/- का वेतन बैंड-4] |
| 3. | उप-महाप्रबंधक (तकनीकी/ परियोजना) (उत्तर-पूर्वी राज्यों में स्थित एनएचआईडीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालयों, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह आदि) | 20 | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 [संशोधन-पूर्व के ग्रेड वेतन रु. 7,600/- सहित रु. 15,600 - 39,100/- का वेतन बैंड-3] |
| 4. | प्रबंधक (तकनीकी/ परियोजना) (उत्तर-पूर्वी राज्यों में स्थित एनएचआईडीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालयों, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह आदि) | 20 | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 [संशोधन-पूर्व के ग्रेड वेतन रु. 6,600/- सहित रु. 15,600 - 39,100/- का वेतन बैंड-3] |
| 5. | महाप्रबंधक (भूमि अर्जन एवं समन्वयन) (एनएचआईडीसीएल मुख्यालय के लिए) | 01 | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-13 [संशोधन-पूर्व के ग्रेड वेतन रु. 8,700/- सहित रु. 37,400 - 67,000/- का वेतन बैंड-4] |
| 6. | उप-महाप्रबंधक (वित्त) (उत्तर-पूर्वी राज्यों में स्थित एनएचआईडीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालयों, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह आदि) | 06 | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 [संशोधन-पूर्व के ग्रेड वेतन रु. 7,600/- सहित रु. 15,600 - 39,100/- का वेतन बैंड-3] |

* रिक्त पदों की संख्या में आवश्यकता के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। इसके अलावा, एनएचआईडीसीएल यहां दर्शाये गए और एनएचआईडीसीएल में भविष्य में संभावित रिक्त पदों को भरने के लिए चयनित उम्मीदवारों का एक पैनल (एक सड़क क्षेत्र के लिए और दूसरा अवसंरचना क्षेत्र के लिए) तैयार करने का अधिकार रखता है। इस पैनल की वैधता 12 महीनों के लिए होगी, यदि इस अवधि को आगे नहीं बढ़ाया जाता है।

**आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथिः 02.11.2020 (सोमवार) - 18:00 बजे तक**

**विस्तृत निबन्धन एवं शर्तो के लिए कृपया - www.nhidcl.com को देखिए।**

**नोट 1:** वे अधिकारी जो वर्तमान में केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों, **थल सेना, नौ सेना, वायु सेना**, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, राज्य सरकार के विभागों और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत हैं और विहित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं वे भी पिछले पांच वर्षो की वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर), अनापत्ति प्रमाणपत्र (एन ओ सी) एवं सतर्कता अनापत्ति (वी सी) की प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में प्रतिनियुक्ति के आधार पर इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**नोट 2:** इस रिक्त-पद संबंधी परिपत्र में कोई भी परिवर्तन अथवा संशोधन केवल एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

**नोट 3:** अपूर्ण अथवा निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त किए गए आवेदन-पत्रों को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा।

**उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन)**

अवसंरचना निर्माण, राष्ट्र निर्माण

# Amazon, Flipkart lead ₹200 cr festive ad blitz

Flipkart's sale will kickstart on Friday, a day before Amazon's deals go live

Saumya Tewari
saumya.t@livemint.com
NEW DELHI

Online retailers are sparing no effort—and expense—to woo consumers during their flagship festive season sales set to start this week.

Amazon and Flipkart, the biggest online retailers in the country, are expected to collectively spend an estimated more than ₹200 crore on advertising and performance-based marketing campaigns to promote these sales, according to media buyer estimates.

Dinesh Rathod, chief executive at media agency Madison Media Omega, said Amazon and Flipkart tend to have a simple messaging centered around creating high interest and hunger to grab the best deals. "Therefore, both these platforms tend to do a high media burst across platforms to maximize reach and create curiosity as well as interest," he said.

Shekhar Banerjee, chief client officer and head (west) at media agency Wavemaker India, said consumers have been deferring their non-essential buys and the only burst of sales will be during the festive season. "So, the e-commerce category is likely to have a very strong tailwind and likely to get better returns on their advertising spends vs last year and this can be done by spending lesser. The festival season also triggers gifting and attracting new buyers on to the platform which makes it essential for the platforms to back television, while their performance campaigns continues to run in full steam," added Banerjee.

The Flipkart Big Billion Days sale will kickstart on Friday, a day before Amazon's The Great Indian Festival Sale goes live.

Amazon India has been running 'Khushiyon Ka Darwaza' campaign, which symbolizes the joy the company's sales programme brings in the lives of this entire ecosystem of customers, sellers, delivery associates, brand partners and more. The platform has invested in influencer marketing to talk about deals and discounts besides leveraging television, print, radio, outdoor and digital.



Amazon India said its focus remains on providing reliability to customers, ensuring safety of employees and helping sellers as they get back on their feet. RAMESH PATHANIA/MINT

**MEGA CAMPAIGN**

**THE** firms focus on a simple messaging centered around creating a hunger to grab the best deals

**AMAZON** has been running Khushiyon Ka Darwaza campaign, which aims to spread joy

**FLIPKART** is sticking to its strategy of involving Bollywood and sports celebrities in its BBD campaign

Manish Tiwary, vice-president, Amazon India, said this year, its focus remains on providing reliability to customers, ensuring safety of employees and helping sellers as they get back on their feet.

"These include more than 650,000 sellers and SMBs including artisans, women entrepreneurs, emerging Indian brands and local store owners from programmes like Karigar, Saheli, Launchpad and Local Shops. We also want to help customers find everything they need and get them delivered safely," he added.

Meanwhile, Flipkart is continuing its strategy to involve Bollywood and sports celebrities in its Big Billion Days campaign. It comprises a series of TVCs showcasing celebrities in "double avatars". Virat Kohli, Ranbir Kapoor, Alia Bhat, Amitabh Bachchan and Mahesh Babu are seen promoting offers.

"Over the years, the marketing campaign for the Big Billion Days (BBD) has built a legend of its own. This year, we have brought celebrities and influencers, in a unique double role, to share endearing human stories about BBD that are sure to connect with audiences," said Vikas Gupta, head of customer, marketing and digital businesses at Flipkart.

# Unprecedented power blackout brings Mumbai to a standstill

FROM PAGE 1

(MSETCL), which operates four 400kV (kilo-volt) transmission lines fetching power to Mumbai, it could not complete ongoing maintenance work on two of these four lines to fix a broken conductor and an obstructed insulator. "At 9.58am on Monday, one of the two remaining lines, Padgha-Kalwa Vahini-2 transmission line carrying 633MW tripped and was shut due to a technical failure," it said.

"The flow on Pune-Kharghar (the last remaining line) rose up to 900MW and tripped at 10am, resulting in load drop in Mumbai system," a statement from Tata Power Ltd, one of the three distribution utilities in Mumbai, said.

"The power demand on Monday morning from Mumbai was about 2,400MW (megawatts)," a senior official at a power utility said. "Half of this is generated by plants near Mumbai, and the rest comes from MSETCL's transmission lines. So, when the MSETCL transmission lines tripped, and the 1,400MW that was coming from MSETCL went off grid, it was such a sudden demand in load for the rest of the city's network that Mumbai's islanding system failed."

The city's power islanding system, built by Tata Power in 1981, is designed to isolate its electricity network from the rest of the national grid during widespread external grid disturbances. Under the system, power plants within Mumbai continue generating electricity during grid failures, supplying power for rail transport and essential category consumers such as hospitals. The islanding system, which has held up even during massive grid failures of the past, will now be re-evaluated to see how it can be improved, the official cited above said.



An out of service traffic signal next to CCTV cameras outside CST railway station in Mumbai. BLOOMBERG

Facebook bans Holocaust denial, distortion posts
bit.ly/3iSssQE

The blackout impacted mobile networks, telecom operator Vodafone Idea Ltd said. With over 90% of staff across tech firms working from home due to covid and Mumbai hosting businesses across information technology, banking and financial services, the prolonged outage affected productivity. Mumbai and its suburbs are home to major technology companies like Tata Consultancy Services, Tech Mahindra, Accenture and Capgemini, apart from hosting 40% of the country's data centre facilities.

Even though stock exchanges functioned with uninterrupted power supply, stockbrokers working from home were affected. "Trading continued at the main office since all our systems are backed up by inverters," a primary dealer at a private bank's treasury department said on condition of anonymity. "A few traders were asked to go to the main office immediately. The volume of trade was less on Monday compared to Friday, and part of the reason could be the power outage."

Maharashtra chief minister Uddhav Thackeray ordered an immediate inquiry into the power outage.

The city's railway network also had to temporarily halt services and cancel scheduled trains during the outage.

*Gopika Gopakumar, Romita Majumdar and Kalpana Pathak contributed to the story.*

# Centre, states fail to bury the hatchet over GST

FROM PAGE 1

states and even the private sector. At a time we are seeking more money to invest, can we afford that? The impact will not be as much if states borrow. We will facilitate the borrowing in a manner so that some states don't borrow at higher yields than some others."

Sitharaman said a majority of states have opted for the first option. "They have been asking for a speedy release of money. Other states asked to decide on the basis of consensus," she added.

**Ten non-BJP ruled states, including Kerala, want the Centre to fully borrow the GST revenue shortfall amount**

Kerala finance minister Thomas Isaac, in an interview this month, said if the Centre presses to get the borrowing options cleared by vote and refuses to set up a dispute resolution mechanism, his state will move the Supreme Court.

In a tweet before the GST Council meet, West Bengal finance minister Amit Mitra said: "Today, will @nsitharaman with (PM) Modi's direction ignore and muzzle views of 10 states at GST Council, using brute majoritarianism? If she does, it will impart a death blow to cooperative federalism already on a ventilator. Will today be marked a black day for India's democracy?"

After the meeting, Isaac tweeted: "It is unfortunate that Union FM does not propose a decision in the Council or even make a statement what she is going to do but choose to make the announcement in the press conference. Why does Centre refuse to take a decision in Council? Total disregard for democratic norms."

CORPORATE **BUZZ** — Mint Media Marketing Initiative

## BANK OF MAHARASHTRA CELEBRATES 86TH FOUNDATION DAY WITH ITS CUSTOMERS



Bank of Maharashtra (BoM) celebrated its 86th Foundation Day at its Head Office in Pune on September 16 with its customers via video conference (VC). Bank customers of PAN India branches including eminent industrialists and distinguished dignitaries from different walks of life joined Foundation Day celebrations through VC. AS Rajeev, Managing Director & CEO; Hemant Tamta, Nageswara Rao Y, Executive Directors, LN Rath, CVO and General Managers of Bank of Maharashtra at Head Office were present. The event was celebrated with simplicity as a mark of respect for the staff members and public who are suffering from the current pandemic.

During the event, the bank launched its credit card to expand its retail portfolio.

## UCO BANK REDUCES ITS MCLR RATES

UCO Bank has reduced its Marginal Cost of Funds Based Lending Rates (MCLR) by 5 basis points, across all the tenors, with effect from October 10.

The revised one-year MCLR will be 7.30 per cent down from 7.35 per cent existing. The revised Overnight, One-month, Three-months and Six Months tenor MCLR now stands at 6.70 per cent, 6.85 per cent, 6.95 per cent and 7.20 per cent respectively, five basis points, lower than their existing levels.

As a result, all MCLR linked loans will also become cheaper now.

## PIAGGIO ANNOUNCES 'SHIKSHA SE SAMRIDDHI' SCHOLARSHIP PROGRAMME

As the nation prepares to mark the 151st birth anniversary of Mahatma Gandhi, Piaggio vehicles private limited, is proud to announce a unique scholarship programme, 'Shiksa Se Samruddhi', to support underprivileged children of the auto rickshaw driver community who wish to pursue higher education after 10th or 12th, Piaggio Vehicles Pvt Ltd (PVPL) has tied up with Buddy4Study India Foundation for this scholarship programme as part of its CSR initiative. This is an initiative which would support up to 80 percent of the yearly course fees of selected students who have enrolled for full time technical or vocational courses after grade 10th/12th.

This programme is designed with an aim to empower the children of underprivileged auto rickshaw drivers who couldn't pursue higher education due to financial constraints. This scholarship programme will take care of the financial needs of the eligible students. In order to apply, students should have scored more than 55 percent marks in class 10th or 12th and must be enrolled in full time studies of technical or vocational courses.

## BANK OF MAHARASHTRA WAIVES PROCESSING FEE FOR RETAIL LOANS

Bank of Maharashtra (BoM), a premier public sector bank in the country has waived processing fee for Gold, Housing and Car loan. To bring in cheer and joy amid the pandemic, BoM presents a slew of special offers for its retail customers during this festive season. Bank offers Housing Loan and Car Loan with a ROI starting from 7.05 per cent and 7.70 per cent respectively.

In addition, the bank has launched a special drive to take over of Loan against Property and Housing Loan with extended repayment term up to 10 years and 30 years respectively for the existing customers.

The bank has also revamped its Gold Loan scheme offering Loan up to Rs 20 lakh with zero processing fee at a lucrative ROI of 7.50 per cent. It has also introduced 'Gold Loan Point', a dedicated counter in its select branches to facilitate Gold Loan within 15 minutes.

## MAHA METRO MD DR DIXIT RECEIVES `CONSTRUCTION WORLD PERSON OF THE YEAR 2020' AWARD

Maha Metro MD Dr Brijesh Dixit has been selected for the prestigious `Construction World Person of the Year 2020'. The award is being given by Foundation of Infrastructure Research Studies Training (FIRST) Construction Council – a registered non-profit trust and a think tank, promoting the cause of construction industry. The award – Construction Word Person of the Year – is presented to a person who has made remarkable achievements in the year and through his efforts has propelled his company and the industry forward. The virtual award presentation ceremony would be held on October 16.

The award is being presented to Dr Dixit for a number of achievements, which he as a team leader, has scripted for Maha Metro's Nagpur and Pune projects. Commercial services have now been started (temporarily stopped due to Covid-19 outbreak) on 2 out of 4 routes.

**DIGICONTENT LIMITED**

**CIN:** L74999DL2017PLC322147
**Registered Office:** Hindustan Times House (2nd Floor), 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110 001
**Tel:** +91-11- 6656 1234 **Fax:** +91-11- 6656 1270
**E-mail:** investor@digicontent.co.in, **Website:** www.digicontent.co.in

**NOTICE**

**NOTICE** is hereby given that pursuant to SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, a meeting of the Board of Directors of Digicontent Limited will be held on Tuesday, the 20th October, 2020, to, *inter-alia,* consider and approve the Un-audited Financial Results (Standalone and Consolidated) of the Company for the quarter and half year ended on 30th September, 2020. Investors may visit the websites of the Company viz. **www.digicontent.co.in** and the Stock Exchanges viz. **www.nseindia.com** and **www.bseindia.com** for further details in this regard.

Further, in terms of Company's "Code of Conduct to Regulate, Monitor and Report Trading by Designated Persons", the trading window for trading in the equity shares of the Company is closed **from Wednesday, the 30th September, 2020 to Thursday, the 22nd October, 2020** (both days inclusive), for the above purpose.

For **Digicontent Limited**

Sd/-
**(Vikas Prakash)**
**Company Secretary**

**Place:** New Delhi
**Date:** 12th October, 2020

**NEW OKHLA INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY**
noida
Administrative Building, Sector-6, Noida G.B. Nagar,(U.P)
Website : www.noidaauthorityonline.com

**E-TENDER NOTICE**

E-Tender are invited from firms/ contractors registered with UPLC Lucknow for the following jobs against which bids can be uploaded and same shall be opened/downloaded as per schedule mentioned. The details and conditions of all tenders are available on NOIDA Authority's official website: **www.noidaauthorityonline.com** & **http://etender.up.nic.in** . Please ensure to see these websites for any changes/ amendments & corrigendum etc.

| | | |
|---|---|---|
| A) | 1. | **53/GM/SM(WC-5)/2020-21, Name of Work:-** M/o Road (P/L C.C. Pavement on Service road between ARTO office to Irrigation Drain and Raising of Boundary wall of Main Drain in Sector-33A), Noida **Cost** - Rs. 116.98 Lacs |
| | 2. | **56/GM/SM(WC-5)/2020-21, Name of Work:-** M/o Road (Providing and Laying C.C. Paver Block on 18 Mt. and 24 Mt. wide road's Patries in Sector-58), Noida **Cost -** Rs. 289.23 Lacs |
| | 3. | **57/GM/SM(WC-5)/2020-21, Name of Work:-** M/o Road (Construction of RCC Footpath on Gijhore road (Gijhore Side) from MP-2 to MP-3 road), Noida **Cost -** Rs. 185.90 Lacs |
| | 4. | **58/GM/SM(WC-5)/2020-21, Name of Work:-** M/o Road (Providing and Laying C.C. Paver Block on Road's Patries in A,B,C-Block, Sector-57), Noida **Cost -** Rs. 329.13 Lacs |
| | 5. | **60/GM/SM(WC-5)/2020-21, Name of Work:-** Village Development (Repair of Damaged C.C. Road, Drain and C.C. pavement in Village-Mamura), Noida **Cost -** Rs. 226.71 Lacs |
| | 6. | **61/GM/SM(WC-5)/2020-21, Name of Work:-** M/o Road (Providing and Laying C.C. Paver Block on road's Patries in B-Block, Sector-67), Noida **Cost -** Rs. 260.82 Lacs |
| | 7. | **64/GM/SM(WC-5)/2020-21, Name of Work:-** Strengthening of road (P/L C.C. Paver Block on 24 mt. and 18 Mt. wide road's Patries in Sector-60), Noida **Cost -** Rs. 292.53 Lacs |

Which can be uploaded by date **29.10.2020 upto 5.00 PM.** Pre-qualification shall be opened/downloaded on date **30.10.2020 at 11.00 AM.**

**General Manager**
**NOIDA**

**CLEAN, GREEN, SAFE & SECURE NOIDA**

**NANDED WAGHALA CITY MUNICIPAL CORPORATION, NANDED.**
**Nanded Waghala City Municipal Corporation, Nanded.**
**Address : Vazirabad, Nanded, Telephone : 02462-234404, Fax No. : 02462-232071, E-mail:- info@nwcmcnanded.org**

**Year 2020-2021** **(TENDER NOTICE )** **Date : 12.10.2020**
**Tender Notice No. /6677/20**

**The Municipal Commissioner, Nanded Waghala City Municipal Corporation Nanded invites e-tenders Under Percentage rate "B-1 (QCBS) form for e-Tender system from the eligible and reputed Bidders having experience of Civil, Electrical & Mechanical works with FIVE (5) Years O&M. The details of the e-tender are available on website www.mahatenders.gov.in. The details of tendered works are as below,**

**Work Name:** "Design, supply, installation, testing and commissioning of Prefabricated S.T.P. Including Civil, Mechanical, Electrical & Instrumentation work as per the details given in the scope of Work with **FIVE (5) Years Warranty** & Comprehensive Working O&M. 100 KLD STP at Abchal Nagar, 150 KLD STP at Backside of Stadium Premises 150 KLD STP at Asarjan

**Total Work: -** 01(Estimate Cost 1,06,18,506/-),
**Tender Publishing Date: -** 13.10.2020 to 06.11.2020
**Tender Opening Date: -** As it possible on same date

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**Nanded Waghala City Municipal Corporation**

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1, (पी–2) ग्रेटर नौएडा सिटी, जनपद गौतमबुद्ध नगर
फोन नं.: 0120-2395152,
वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

FUTURE IS HERE
YEIDA: WITH HUMAN FACE

पत्रांक: वाई.ई.ए./जीएम (परियोजना)/2020/421 दिनांक 12/10/2020

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

महाप्रबन्धक (परियोजना), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की ओर से यूपी.एल.सी से ई–बिड हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : YEA/GM (PROJECT)/2020/420 दिनांक 12.10.2020 के माध्यम से उल्लेखित क्रं.सं. 01 से 21 तक के कार्यों की ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com एवं U.P.E.C.L. की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइटें देखते रहें।

**महाप्रबन्धक (परियोजना)**

**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल**
पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

**//सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा-संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यूनिट बैंकुठ सीमेंट वर्क्स), पोस्ट-बैकुंठ, जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम-खरोरा एवं केसला, तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर में प्रस्तावित केसला लाईम स्टोन माईन ब्लॉक लीज क्षेत्र 108.335 हेक्टेयर में लाईम स्टोन उत्खनन क्षमता- 3.0 मिलियन टन/वर्ष (ROM) के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत् छ.ग पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना के संबंध में आपत्ति/सुझाव/ विचार / टीका टिप्पणी, इसी सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रुप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 13/11/2020 को समय दोपहर 12:00 बजे से परियोजना स्थल-स्पोर्ट स्टेडियम उप तहसील खरोरा के पास, तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर में नियत की गई है। यह भी सूचित हो कि :

1. लोक सुनवाई के दौरान सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों को फिजिकल/ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।
2. लोक सुनवाई में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग किया जायेगा तथा समय-समय पर सेनेटाईजर का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
3. लोक सुनवाई स्थल पर सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों की बैठक व्यवस्था कम से कम 02 मीटर की दूरी रखना अनिवार्य होगा।
4. कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशो का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 14 सितम्बर, 2006 (यथा-संशोधित) के अनुसार संबधित व्यक्तियों के अवलोकन/ पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (साफ्ट कॉपी) डायरेक्टर, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, क्षेत्रीय कार्यालय (डब्लू.सी.जेड) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, ग्राउण्ड फ्लोर, ईस्ट विंग, न्यू रोक्रेटरिएट बिल्डिंग, सिविल लाईन, नागपुर (महाराष्ट्र), कार्यालय कलेक्टर रायपुर, जिला-रायपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला- रायपुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला रायपुर. कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर, कार्यालय, सरपंच ग्राम पंचायत केसला, ग्राग-केसला, तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर, क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण गंडल, जिला-रायपुर एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर में रखी गई है।

**सदस्य सचिव**
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)



mint Think Ahead. Think Growth.

Follow us:
mint.live
livemint
live_mint
livemint
www.livemint.com